# University in News on 02 May 2021

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि प्रशासन शिक्षक, कर्मचारियों और परिजनों का भी कराएगा टीकाकरण

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द ही न सिर्फ अपने शिक्षकों, कर्मचारियों के लिए बल्कि उनके परिजनों के लिए भी विवि परिसर में ही वैक्सीन लगवाने के लिए कैम्प लगाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि विवि प्रशासन, प्रदेश सरकार के साथ मिलकर वैक्सीनेशन ड्राइव चलाएगा।

इसके लिए प्रो. अमिता कनौजिया, प्रो. मनुका खन्ना और प्रो. मोनिशा बैनर्जी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। प्रो. कनौजिया ने बताया कि प्री वैक्सीनेशन डाटा जुटाया जा रहा है। जिसमें यह सूचना ली जा रही है कि विश्वविद्यालय परिवार में से कितनों को वैक्सीन की जरूरत है, कितनों ने वैक्सीन लगवा ली है और कितनों के दूसरा डोज लेना बाकी है।यह सूचना इसलिए ली जा रही है ताकि जिन्हें दूसरी डोज लेनी है, वह भी इस वैक्सीनेशन ड्राइव में शामिल हो सकें।

वैक्सीनेशन ड्राइव के लिए मालवीय सभागार में कोविड प्रोटोकॉल के साथ रजिस्ट्रेशन होगा। उसके बाद हरि कृष्ण अवस्थी सभागार में वैक्सीनेशन होगा और तीसरे कमरे में वैक्सीन लगे लोगों को ऑब्जर्वेशन के लिए बैठाया जाएगा। वैक्सीनेशन ड्राइव ना केवल मुख्य परिसर बल्कि न्यू कैंपस में भी चलेगा। एक दिन कैंप वहां भी लगाया जाएगा। जल्द ही तिथि तय कर सूचित किया जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

### कॉलेजों से भी टीकाकरण की अपील

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों से भी कहा है कि वे अपने-अपने महाविद्यालय के छात्रों को वैक्सीनेशन के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन कैंप में सम्मिलित होने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा बहुत ही महत्वपूर्ण फ्री वैक्सीनेशन डाटा एकत्रित किया जा रहा है, जिसके लिए दो ऑनलाइन गूगल डाक्यूमेंट्स के लिंक सभी को दिए जा रहे हैं। उन्होंने अपील की कि सभी महाविद्यालय के प्राचार्य अपने विद्यार्थियों में इन महत्वपूर्ण गूगल डाक्यूमेंट्स को भेजें और उन्हें प्रोत्साहित करें कि यह डाटा सबमिट करें। उन्होंने यह भी बताया की इसी डाटा के आधार पर वैक्सीनेशन कैंप में भीड़ ना हो इसके लिए अलग-अलग स्लॉट सुनिश्चित किए जाएंगे।

## i-NEXT PAGE 5

# एलयू में समर वेकेशन 15 मई तक

**LUCKNOW:** लखनऊ यूनिवर्सिटी में समर वेकेशन की घोषणा कर दी गई है. यूनिवर्सिटी में क्लासेज 15 मई तक बंद रहेंगी. इस दौरान किसी भी तरह की ऑनलाइन क्लासेज भी नहीं चलाई जाएंगी. कोरोना महामारी के चलते यूनिवर्सिटी के कई स्टाफ, जिनमें टीचिंग स्टाफ से जुड़े कई लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं.